# भोजपुर मंदिर में स्वच्छता अभियान

## चर्चा में क्यों?

10 अगस्त, 2025 को मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने **राष्ट्रीय गौरव** और **पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी** का संदेश फैलाते हुए संभावित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल **भोजपुर मंदिर (भोजेश्वर महादेव मंदिर)** में एक सफल स्वच्छता अभियान का आयोजन किया।

- यह कार्यक्रम "आज़ादी का उत्सव, स्वच्छता के संग" थीम पर आयोजित किया गया, जिसमें लोगों को स्वच्छता के साथ आज़ादी का **उत्सव** मनाने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

## मुख्य बिंदु

## अभियान के बारे में:

- **पर्यावरण जागरूकता:** प्रतिभागियों ने पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट निपटान, विशेषकर फूलों और प्रसाद के निपटान, **स्वच्छता को बढ़ावा** देने तथा विरासत के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया।
- **आध्यात्मिक जागरूकता:** भगवद्गीता से **कर्म योग** की शिक्षाएँ साझा की गईं, जिसमें सामाजिक, पर्यावरणीय और **आध्यात्मिक चेतना** का सम्मिश्रण था।

## भोजेश्वर महादेव मंदिर

- **अवस्थिति:** भोजपुर, ज़िला रायसेन, मध्य प्रदेश
- **ऐतिहासिक महत्त्व:** 11वीं शताब्दी में परमार वंश के **राजा भोज द्वारा निर्मित**, भगवान शिव को समर्पित। वर्ष 2024 में इसे **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची में शामिल किया गया।**
- **वास्तुकला:**
  - **शैली:** भूमिजा, शिखर पर द्रविड़ प्रभाव।
  - भूमिजा शैली की यह वास्तुकला बाद में उदयेश्वर और बीजामंडल जैसे मंदिरों को भी प्रभावित करती है।
- **उल्लेखनीय विशेषताएँ:**
  - **लिंगम:** विशाल आकार का (2.3 मीटर ऊँचा और 5.4 मीटर परिधि)।
  - **शिखर:** ऊँचा, जटिल नक्काशी और उभारों से युक्त।
  - **अपूर्ण संरचना:** अधूरा मंडप और छत।
- **अद्वितीय तत्व:**
  - समीपवर्ती चट्टानों पर उकेरे गए रेखाचित्र, जो इच्छित मंदिर के संरचना को दर्शाते हैं।
  - स्थल के चारों ओर नक्काशीदार चिनाई ब्लॉक और मिट्टी के रैंप।
- **मंदिर की विशिष्टता:**
  - विशाल आकार, जटिल नक्काशी और विशाल लिंगम परमार वंश की स्थापत्य प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं।
  - राजा भोज और परमार वंश के धार्मिक, सांस्कृतिक संरक्षण तथा स्थापत्य दृष्टिकोण का परिचायक।
  - भोजेश्वर मंदिर आकार और भव्यता की दृष्टि से चोल वंश के बृहदेश्वर मंदिर (तंजावुर) के समकक्ष है।
  - यदि यह पूर्ण हो गया होता, तो भोजेश्वर का शिखर **100 मीटर की ऊँचाई के साथ** बृहदेश्वर के 59.82 मीटर ऊँचे शिखर से अधिक ऊँचा होता।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhojpur-temple-hosts-cleanliness-drive